पत्रिका
कोलकाता, बुधवार
29.08.2012

तीसरी बार भारत केडिया ईआईसीएमए के अध्यक्ष

कोलकाता. भारत केडिया लगातार तीसरी बार ईस्टर्न इंडिया कॉरूगेटेड बॉक्स मैनुफैक्चरर्स एसोसिएशन (ईआईसीएमए) के चेयरमैन चुने गए। कॉरुगेटेड बॉक्स निर्माण क्षेत्र के उद्यमियों के इस संगठन की 40 वीं वार्षिक आम सभा में उन्हें अध्यक्ष चुना गया। वे लगातार तीसरी बार संगठन के अध्यक्ष चुने गए हैं। यह उद्योग कुटीर, लघु व मध्यम उद्योग (एमएसएमई) में आता है। केडिया ने राज्य सरकार से इस उद्योग को बढ़ावा देने मांग की। उन्होंने कहा कि रोजगार सृजन और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एमएसएमई की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस लिए सरकार इस उद्योग को प्रोत्साहित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए। ईआईसीएमए का गठन वर्ष 1970 में किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य पश्चिम बंगाल के अलावा बिहार, उड़ीसा, असम, झारखंड, सिक्किम और पूर्वोत्तर राज्यों के कॉरुगेटेड बाक्स निर्माण उद्योग का प्रतिनिधित्व करना है। यह भारत चेम्बर ऑफ कॉमर्स से सम्बन्ध है।